तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 31.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 25 मई 2026



11 आज से तपेगा नौतपा, दोपहर 12 से 4 बजे तक सबसे...




12 लो-वोल्टेज के कारण शो-पीस बने पंखे-कूलर कांग्रेस ने दी...










# भीषण गर्मी के बीच 1271 प्रगणकों ने गिने जिले के लाखों मकान, अब मैपिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भीषण गर्मी के बीच जिले के लाखों घरों तक 1271 प्रगणक ने मकान गणना के 100 प्रतिशत आंकड़े को पूर्ण कर लिया है। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत गरियाबंद जिले में मकानों की गणना (हाउस लिस्टिंग) का कार्य पूरी तरह संपन्न हो गया है।

जिले के सभी 1168 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स में 100 प्रतिशत सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। अब प्रगणक घर-घर जुटाई गई जानकारी का सत्यापन कर मैपिंग रिपोर्ट तैयार करने में जुट गए हैं। जिला प्रशासन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनगणना कार्य के लिए जिले में कुल 1271 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी, जिसमें 990 प्रगणक, 167 पर्यवेक्षक और 93 रिजर्व प्रगणक शामिल हैं। इन कर्मचारियों ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर मकानों की स्थिति, परिवारों की मूलभूत सुविधाओं और आवासीय जानकारी को डिजिटल माध्यम से दर्ज किया।

जिले में छुरा विकासखंड में सर्वाधिक 226 एचएलबी, गरियाबंद ग्रामीण में 211, देवभोग में 163, अमलीपदर में 133 तथा राजिम ग्रामीण में 125 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स बनाए गए थे। सभी क्षेत्रों में निर्धारित समय के भीतर कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं शहरी क्षेत्रों में राजिम, कोपरा, फिंगेश्वर, छुरा और देवभोग नगर पंचायतों सहित गरियाबंद नगर पालिका में भी शत-प्रतिशत ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जिले में डिजिटल जनगणना का पहला चरण 100% पूरा



### भविष्य की योजनाओं का बनेगा आधार

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जनगणना से प्राप्त आंकड़े जिले की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण और सरकारी नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला प्रशासन ने जनगणना कार्य में सहयोग देने वाले नागरिकों प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का आभार व्यक्त किया है।



## खबर संक्षेप

### बोरसी में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**फिंगेश्वर।** 25 मई को नौतपा प्रारंभ के दिन आज ग्राम बोरसी मे प्रातः 10 बजे से शासकीय हाई स्कूल परिसर मे जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शासन के द्वारा आयोजित है।आयोजन मे लोगो को आमंत्रित किया गया है।कार्यक्रम को लेकर जिला कलेक्टर सहित जिले एवं ब्लाक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होंगे।सूचना मिली है कि जनसमस्या निवारण शिविर मे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आकस्मिक आगमन हो सकता है? क्योकि गरियाबंद जिले मे शिविर के नाम से वे अभी तक नहीं आए हैं। वे पूर्व मे जब केन्द्रीय मंत्री रहे थे तब बोरसी मे साहू समाज के एक कार्यक्रम मे उपस्थित होकर एक घंटे से अधिक समय दिये थे और जमकर बारिश भी हुई थी।

### कारोबारी पर हंसिया से हमला

**महासमुंद।** ग्राम अरेकेलडीपा निवासी एक व्यक्ति पर हंसिया से वार करने के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बसना थाने में कराए गए एफआईआर में नियाज खान ने पुलिस को बताया कि दुकानदारी करता है, 22/05/2026 को वह अपने घर में था। दोपहर करीबन 1.30 बजे मोहल्ले का अलकाश हुसैन उसके घर के पास आकर किसी कारण से गाली गलौच करने लगा।

## कार्रवाई : अफसरों ने कहा- ग्रामीण करें शिकायत, तुरंत होगी कार्रवाई

# रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई 28 गाड़ियां, 1 पोकलेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





### कोई भी माफिया बख्शा नहीं जाएगा

इस कार्यवाही में कार्यवाही में जिला खनिज अधिकारी उमेश भार्गव, खनिज निरीक्षक प्रवीण नेताम एवं प्रिया सिन्हा उपस्थित रहे। खास बात यह है कि खनिज विभाग के अफसरो ने साफ-साफ कहा है कि ग्रामीण शिकायत करे,बताएं कि यहां-यहां अवैध रेत का उत्खनन हो रहा है, छापामार टीम मौके पर तुरंत पहुंचेगी और सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा।

रायपुर जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। राजेश मालवे उप संचालक खनि प्रशासन के आदेश व उमेश भार्गव के निर्देश पर सुबह 4 बजे से अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र से खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 8 हाइवा वाहन जिसमें 5 हाइवा रेत, 2 हाइवा मुरुम व 1 हाइवा गिट्टी अवैध परिवहन करते हुए पाए गए। जिन्हे जब्त कर उपरवारा चौंकी के सुपुर्द में दिया गया। इस कार्यवाही में खनि निरीक्षक द्वय प्रवीण नेताम, प्रीति सिन्हा सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा सैनिक रिजवान, गोलू वर्मा व लुकेश वर्मा शामिल थे। खनिज विभाग के उप संचालक राजेश मालवे ने बताया कि अवैध उत्खनन की सूचना मिलते ही विभाग द्वारा गश्त कर तत्काल कार्रवाई की गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सभी एसडीएम एवं खनिज अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध खनन पर सतत नजर रखें तथा सूचना मिलते ही कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। विभाग ने जिले में कार्यवाही करते हुए 1 मशीन और 28 वाहन को जब्त किया है। विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी कर खनिज अमले ने 1 एक्सकवेटर मशीन, 2 कोयला लदा वाहन, 8 रेत लदा वाहन, 3 मुरूम लदा वाहन, 6 चूनापत्थर लदा वाहन एवं कुल 20 वाहन जप्त किए गए। उक्त सभी वाहनों द्वारा बिना वैध अनुमति के खनिजों का परिवहन/उत्खनन किया जा रहा था। खनिज अधिनियम, 1957 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

## महानदी तटबंध निर्माण में हादसा

# काम के दौरान 16 वर्षीय नाबालिग मजदूर की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोलियारी और पारागांव के बीच महानदी किनारे चल रहे तटबंध निर्माण कार्य में एक 16 वर्षीय मजदूर किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार और एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतक की पहचान हर्ष साहू के रूप में हुई है, जो धमतरी जिले के कुरूद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुरसेंगा का निवासी था। पुलिस मर्ग डायरी के अनुसार आज सुबह निर्माण कार्य के दौरान हर्ष साहू की अचानक तबीयत बिगड़ गई। काम करते समय उसे चक्कर आया और वह मौके पर ही गिर पड़ा। साथी मजदूर तत्काल उसे इलाज के लिए कुरूद अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए नवापारा रेफर किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि करोड़ों रुपये की लागत से चल रहे निर्माण कार्य में आखिर एक नाबालिग मजदूर कैसे काम कर रहा था। भीषण गर्मी के बीच मजदूरों के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम भी नहीं किए गए थे। निर्माण स्थल पर न तो प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था थी और न ही स्वास्थ्य जांच, सुरक्षा किट या अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध थीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा काम को जल्द पूरा करने के दबाव में मजदूरों की सुरक्षा को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा था। मजदूरों को ▶▶| शेष पेज 10 पर

# दिन में 44 डिग्री की तपिश, रात में गर्म हवाओं ने बढ़ाई बेचैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। दिन में जहां तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचकर सूरज आग उगल रहा है, वहीं रात में भी राहत नहीं मिल रही। रात का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने के साथ चल रही गर्म हवाओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। दिनभर तपिश झेलने के बाद रात में भी उमस और गर्म हवा के कारण लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। दोपहर के समय बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। वहीं शाम ढलने के बाद भी गर्मी का असर कम नहीं हो रहा, जिससे घरों में पंखे और कूलर भी राहत देने में नाकाम साबित हो रहे हैं। लगातार बढ़ते तापमान से बुजुर्ग, बच्चे ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मंडी बोर्ड की सीसी रोड निर्माण में बड़ा खेल भुगतान मांगने पर लगाया चोरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

- सरपंच ने एनओसी देने से किया इनकार



ग्राम पंचायत रूवाड़ में मंडी बोर्ड द्वारा स्वीकृत 23 लाख 91 हजार रुपए की लागत से निर्मित सीसी रोड अब विवादों के घेरे में आ गई है। निर्माण एजेंसी स्टार कंस्ट्रक्शन महासमुंद पर ग्रामीणों और मजदूरों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मजदूरी भुगतान में लापरवाही, निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी और मजदूरी मांगने पर चोरी का आरोप लगाने जैसे मामलों ने पूरे गांव में आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में लगभग 300 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसमें गांव के कई मजदूरों ने मेहनत कर काम किया। लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी मजदूरों को उनकी मेहनताना राशि का भुगतान नहीं किया गया। ग्रामीणों का दावा है कि करीब दो लाख रुपए की मजदूरी आज तक बकाया है। पीड़ित मजदूरों ने बताया कि भुगतान के लिए कई बार ठेकेदार और उसके प्रतिनिधियों से संपर्क किया गया। हर बार जल्द पैसे देने का आश्वासन देकर समय टाल दिया गया। मजदूरों का आरोप है कि जब उन्होंने लगातार भुगतान की मांग शुरू की, तब ठेकेदार के लोगों द्वारा उन पर निर्माण सामग्री चोरी करने जैसे गंभीर आरोप लगाए जाने लगे, जिससे मजदूरों में भय और नाराजगी दोनों बढ़ गई है। मामले को लेकर मजदूरों ने सुशासन शिविर में भी आवेदन प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई है। बावजूद इसके अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई या भुगतान नहीं होने से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति भी नाराजगी दिखाई दे रही है। सिर्फ मजदूरी भुगतान ही नहीं, बल्कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी ग्रामीणों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की कई जगहों पर निर्धारित आठ इंच मोटाई का पालन नहीं किया गया है। इसके अलावा ▶▶| शेष पेज 10 पर

# 11 पूर्व सरपंचों को जेल भेजने का आदेश, लेकिन अब तक एक भी गिरफ्तारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शासकीय राशि गबन मामले में अभनपुर एसडीएम न्यायालय द्वारा 11 पूर्व सरपंचों को 30 दिन के लिए सिविल जेल भेजने का आदेश जारी किए जाने के बाद भी अब तक एक भी गिरफ्तारी नहीं होने से पूरा मामला क्षेत्र में चर्चा और सवालों के घेरे में आ गया है। न्यायालय का आदेश, थाना को पत्र और जेल अधीक्षक को सूचना भेजे जाने के बावजूद न कार्रवाई जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रही है। जानकारी के अनुसार पूर्व सरपंचों पर अपने कार्यकाल में व शासकीय राशि के गबन का आरोप सिद्ध होने के बाद राशि राजकोष में जमा करने के आदेश दिए गए थे। इसके बाद मांग नोटिस जारी हुए, चल-अचल संपत्ति जब्ती की कार्रवाई भी हुई, फिर कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया कि जेल क्यों न भेजा जाए। लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर 18 मई को एसडीएम न्यायालय ने सख्त आदेश जारी कर दिया। आदेश में साफ कहा गया कि संबंधित पूर्व सरपंचों को 30 दिन अथवा बकाया राशि जमा होने तक सिविल जेल भेजा जाए। इसके लिए संबंधित थाना प्रभारियों और केंद्रीय जेल रायपुर को भी पत्र भेजा गया। इसके बावजूद ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बिगड़ रहा हवाओं का संतुलन, प्रशांत के साथ हिंद महासागर भी गर्म

# गर्मी ऐसी कि त्रिवेणी संगम में भी राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले और तीन नदियों के पवित्र संगम स्थल राजिम से प्रकृति में आ रहे बदलाव की एक चिंताजनक तस्वीर सामने आ रही है। राजिम में नदियों में पानी तो उपलब्ध है, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता है और घड़ी के कांटे आगे बढ़ते हैं, वैसे-वैसे नदी का जलधारा का तापमान तेजी से बढ़ने लगता है। सुबह के वक्त नदी का पानी ठंडा रहता है, लेकिन दोपहर होते-होते यह पूरी तरह गर्म हो जाता है। कमोबेश यही स्थिति ग्रामीण अंचलों के तालाबों की भी है, जहां दोपहर से लेकर शाम तक पानी गर्म मिल रहा है। इस भीषण परिस्थिति के बावजूद ग्रामीण इसी गर्म पानी में नहाने और निस्तारी करने को मजबूर हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, स्थानीय स्तर पर जल स्रोतों के गर्म होने की इस प्रक्रिया के पीछे की सबसे बड़ी वजह वैश्विक स्तर पर 'एल नीनो' की सक्रियता है, जिसका असर अब छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों में साफ दिखने लगा है।

तीन नदियो के संगम राजिम में पानी तो है परंतु जैसे-जैसे घड़ी के कांटे आगे की ओर बढ़ता है वैसे-वैसे नदी का पानी भी गरम हो जाता है। सुबह नहाने वाले बतलाते है कि गरम हवा चलने के बाद भी नदी का पानी ठंडा रहता है परंतु यही जलधारा दोपहर के होते-होते गरम हो जाता है। कमोवेश गांव के तालाब में भी दोपहर से लेकर शाम तक पानी गरम होने की जानकारी सामने आई है बावजूद लोग नहा रहे है और निस्तारी भी कर रहे है।

**जल संरक्षण और आपदा प्रबंधन के लिए अभी से हों तैयार-** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी एक बड़ी वजह एल नीनो की सक्रियता है, जो धीरे-धीरे असर दिखाने लगी है। देश और दुनिया इस समय भीषण गर्मी और बदलते मौसम के दौर से गुजर रहे हैं। खास बात यह है कि इस बार केवल प्रशांत महासागर ही नहीं, बल्कि हिन्द महासागर का तापमान भी सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है, जिससे मौसम में असामान्य बदलाव देखने को मिल रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जब समुद्र का पानी सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है, तो उससे उठने वाली भाप और ऊर्जा वातावरण में ▶▶| शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप

### सीएम से मिले छग सिविल सोसाइटी के पदाधिकारी

**रायपुर।** राजधानी स्थित निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री साय को छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिवस 19 फरवरी को प्रदेश में स्वराज दिवस के रूप में घोषित करने की मांग संबंधित करीब 5 हजार लोगों के हस्ताक्षर सहित आवेदन सौंपे। पदाधिकारियों ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के महान योद्धा और स्वतंत्रता सेनानी रहे। उन्होंने मुगल साम्राज्य के खिलाफ लड़कर हिंदवी स्वराज की स्थापना की तथा भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक योद्धा ही नहीं थे, बल्कि एक महान प्रशासक और विजनरी भी थे। उन्होंने एक मजबूत और स्वतंत्र भारत का सपना देखा था। श्री शिवाजी महाराज हमारे लिए हमेशा ही प्रेरणास्त्रोत हैं।

### राहगीरों को बांटी ठंडी छाछ

**रायपुर।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में राहगीरों, श्रमिकों और आम जनता को लू और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए ठंडी छाछ का वितरण किया गया। यह वितरण पूज्य सिंधी पंचायत देवेंद्र नगर के पदाधिकारियों ने शनिवार को किया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सोनू साधवानी, महासचिव राजकुमार सोनी, सचिव अल्पेश पोपटानी, संरक्षक सुंदरदास जादवानी, गोविंद मंशारामानी, चन्द्रकुमार संतवानी, हरेश गोकलानी, रितेश वाधवा, जीतू बजाज, कैलाश बड़वानी, गुंजन पंजवानी, हिना मोटवानी एवं अन्य सदस्य शामिल थे।

### जब्त नशीले पदार्थों को जलाकर किया नष्ट

**रायपुर।** रायपुर कमिश्नरेट पश्चिम जोन क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्र से 42 प्रकरणों में जब्त किया गया गांजा 399.576 किलोग्राम, ब्राउन शुगर 2.90 ग्राम, नशीली टेबलेट 1738 का शनिवार को पुलिस ने नष्टीकरण किया। केंद्र सरकार, गृह मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के आदेश के परिपालन में पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी रायपुर ने पुलिस उपायुक्त संदीप कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त आजाद चौक ईशु अग्रवाल, जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में सिलतरा स्थित जायसवाल निको कंपनी के पॉवर प्लांट की भट्ठी में एक साथ डालकर उसे जलाकर नष्ट किया।

**मजबूरी :** छत्तीसगढ़ निर्माण के 26 बरस बाद भी कमार आदिवासियों की नियति में सिर्फ संघर्ष

# राशन के लिए 30 किमी पैदल पहाड़ी सफर; प्यास बुझाने तीर-धनुष लेकर झरिया जाने की मजबूरी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

एक -एक कर आजादी के 78 वर्ष बीत गए लेकिन गरियाबंद जिला के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के पहाडी ईलाकों के गांवो की बदहाल स्थिति में सुधार नही आ पाया, छत्तीसगढ राज्य निर्माण के 26 वर्ष बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री स्वः राजीव गांधी के गोद ग्राम कुल्हाडीघाट के आश्रित ग्रामों जो पहाडी के उपर बसा है, भालूडिग्गी, ताराझर, कुर्वापानी, मटाल, इन ग्रामों में पहुचने के लिए सडक निर्माण नहीं होने के कारण आज भी यहा के विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति के लोगों को राशन सामग्री चांवल, दाल, शक्कर, मिट्टी तेल लेने के लिए महिना में एक दिन लगभग 30 किलोमीटर पैदल दूरी तय कर पहाडी के नीचे बसे पंचायत मुख्यालय कुल्हाडीघाट ग्राम आना पड़ता है तब कही जाकर इन ग्रामों के ग्रामीणों को राशन सामग्री उपलब्ध हो पाती है, सड़क नहीं होने के कारण सायकल, मोटर सायकल, तो दूर पैदल बमुश्किल पेडों, गढ्ढों, खाई, नदी- नालों को पार कर आना जाना करना पडता है। इन ग्रामों में निवास करने वाले लोग राशन सामग्री ले जाने के लिए, बकायदा घोडा पाले हुए है और महिना में एक दिन पूरा गांव के ग्रामीण एक साथ राशन सामग्री लेने घोडा के साथ कुल्हाडीघाट पहुंचते है, घोड़ा में राशन सामग्री को लाद कर वापस अपने ग्राम जाते है राशन सामग्री लाने ले जाने में ही पूरा एक दिन का समय लग जाता है। सबसे तकलीफ तब होती है जब इन ग्रामों में अचानक किसी की तबियत बिगड जाए या कोई घटना दुर्घटना हो जाए तो कांवर और खाट लाद कर मरीज को मिलों पैदल पहाडी रास्तों को तय कर अस्पताल तक पहुचाना पडता है, यह कोई कहानी नही बल्कि हकीकत है, अब तक इन ग्रामों में निवास करने वाले लोगों के लिए मोबाईल, टीवी, फ्रीज, कुलर इलेक्ट्रानिक सुविधाओं की समान किसी सवप्न से कम नहीं है।

**झरिया के आसपास हिसंक वन्यप्राणियों का भी डर बना रहता-** कहने को कुर्वापानी और ताराझर मे दो कुएं का निर्माण किया गया है लेकिन तेजी से गर्मी और पहाडी होने के कारण कुआं सुख गया है साथ ही गांव के नजदीक से झीरन पानी नदी बहती है इस नदी में ग्रामीणों के द्वारा चार से पांच फीट रेत व पत्थर को हटाकर झरिया खोदा गया है और इस झरिया का पानी ग्रामीण पीने को मजबूर हो रहे हैं। गांव से थोडा दुर होने के कारण झरिया मे अकेला ग्रामीण पानी लेने भी नहीं जा सकता क्योकि जंगल होने के कारण वन्य प्राणी भी अपना प्यास बुझाने झरिया के आसपास विचरण करते रहते है, जिससे ग्रामीणों पर वन्य प्राणियों द्वारा हमला का अंदेशा बना रहता है। गांव के ग्रामीण महिलाए एक साथ समूह में झरिया का पानी लेने जाते है, साथ मे पुरूष वर्ग अपने पारम्परिक हथियार तीर धनुष सुरक्षा के लिए ले जाते है। तब कही जाकर ग्रामीणों को पीने के लिए पानी उपलब्ध हो पाता है, ग्रामीण सुकलाल कमार, हरलाल, बुधारू, धनमोतिन, रायमती सोरी ने राशन खरीदने कुल्हाडीघाट पहुंचे थे तो उन्होंने बताया कि गांव में अप्रेल माह मे ही पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी बहरहाल ताराझर कुर्वापानी भालूडिग्गी के ग्रामीण गर्मी लगते ही बुंद बुंद पानी के लिए जदोंजहद करते देखे जा सकते है।







### राशन लेने पहुंचे ग्रामीणों ने बयां की अपनी आपबीती

ज्ञात हो कि तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किलो मीटर दूर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्राम ताराझर, कुरूवापानी, भालुडिग्गी, मटाल, कुल्हाड़ीघाट से लगभग 15 से 20 किलो मीटर दूर बिहड़ जंगल व पहाड़ी के उपर बसा हुआ है इन ग्रामों में आज तक शासन द्वारा कोई भी शासकीय योजनाएं नही पहुचाई जा सकी है और तो और इन ग्रामों में पहुचने के लिए सड़क का भी निर्माण नहीं किया जा सका है यहा के ग्रामीण लखमुराम कमार, मोहन कमार, ईतवारूराम, बिसाहिन बाई, यशोदा बाई, सुन्तीबाई, शोभनाबाई, सपुरो बाई, हेमादी बाई, भानुमति, कौशिल्या, गोमती बाई, कांतीबाई, बेलमोती, रूखमणी ने शनिवार को राशन लेने कुल्हाड़ीघाट पहुंचे थे हरिभूमि को बताया कि प्रतिमाह उन्हे राशन लेने पैदल 15 से 20 कि.मी. दूर कुल्हाड़ीघाट पैदल जाना पड़ता है और पैदल वापस आना पड़ता है इस तरह 30 कि.मी. पैदल चलने के बाद चावल मिट्टी तेल नसीब हो पाती है। इन ग्रामों में पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा सौर उर्जा की बदहाल स्थिति किसी से छिपा नहीं है।

### आवेदन देकर थक चुके हैं, समाधान नहीं हुआ : सरपंच

ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी ने बताया की ग्राम कुर्वापानी, भालूडिग्गी, ताराझर मे एक भी हैंडपंप नही है, कुंआ है लेकिन गर्मी मे सुख जाता है। झरिया का पानी खोंदकर यहां के ग्रामीण प्यास बुझाते है। उन्होने बताया कई बार कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत की समस्यायों को लेकर आवेदन पत्र देकर थक चुके हैं अब तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

### कुल्हाड़ीघाट में नल जल योजना बंद

पहाड़ी ऊपर की बात छोड़ दीजिए कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत मुख्यालय के भीतर सौर्य ऊर्जा से संचालित होने वाले नल जल योजना बंद है कई बार सुधार की मांग किया जा चुका है अब तक सुधार नहीं हुआ है।

# अयोध्या-नेपाल तीर्थयात्रा के लिए 50 श्रद्धालु रवाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम सेंदर एवं आसपास के गांवों से उत्तरप्रदेश के अयोध्या रामलला दर्शन सहित नेपाल स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल पशुपतिनाथ की विशेष धार्मिक यात्रा के लिए शनिवार को 50 श्रद्धालु रवाना हुए। यात्रियों को राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने निवास से हरी झंडी दिखाकर यात्रा के लिए विदा किया।

इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने सभी यात्रियों की सफल, सुखद एवं मंगलमय तीर्थयात्रा की कामना करते हुए कहा कि धार्मिक यात्राएं भारतीय संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने यात्रियों से यात्रा के दौरान अनुशासन एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। इसी तरह ग्राम पंचायत सरकड़ा अमिता यदु,पुर्व सरपंच मनोज यदु अन्य ने फुल गुलदस्ता श्री फल भेट कर स्वागत कर रवाना कर शुभकामनाएं दी।

जानकारी के अनुसार यह विशेष तीर्थयात्रा अयोध्या रामलला दर्शन के साथ प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, बाबा गोरखनाथ, जनकपुर सीता स्वयंवर स्थल, सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, कामाख्या मंदिर एवं बाबा धाम देवघर जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक जाएगी। यात्रा का मार्गदर्शन टूर ट्रेवल्स गाइडर सुरेन्द्र साहू धुरसा द्वारा किया जा रहा है। उनके सौजन्य से यात्रियों के लिए संपूर्ण यात्रा अवधि में भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।यात्रा संचालन में भाजपा नेता एवं किसान नेता रामाधार साहू, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू, संगीता साहू देवगांव, सरपंच पद्मा निषाद बिजली, जिला निषाद समाज अध्यक्ष मोतीराम निषाद बिजली, भागीरथी सिन्हा छुईहा, मदन साहू, तुलसी एवं रूपेश साहू , संतोष साहू, मोहित साहू, रामाधीन साहू , टिकेश साहू परसठ्ठी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शेषनारायण सोनवानी महज 4 मतों से जीते, बने ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग विकास खण्ड में गाड़ा समाज के इतिहास का एक अहम अध्याय लिखा गया, पहली बार लोकतांत्रिक पद्धति से अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया, हालांकि कोषाध्यक्ष और सचिव का पद निर्विरोध चुना गया वहीं अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन किए थे। जिसमें शेषनारायण सोनवानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रेम लाल नागेश को महज़ चार मतों से मात दी और ब्लॉक गाड़ा समाज का अध्यक्ष निर्वाचित हुए। ज्ञात हो कि चुनाव प्रक्रिया के सफल संचालन करने 10 लोगों का एक चुनाव समिति गठित कि गई थी और इस चुनाव समिति के अध्यक्ष विकास खंडशिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल को समाज के लोगों ने जिम्मेदारी दी थी उनके साथ दस लोगों का एक टीम था जिसने चुनाव संपन्न कराया गया, नामांकन से लेकर प्रचार प्रसार और वोटिंग पूरी तरह से लोकतांत्रिक पद्धति से कि गई इस पूरे प्रक्रिया में चुनाव समिति एक चुनाव आयोग कि तरह कार्य किए। देवभोग ब्लॉक के 84 गांव में चुनाव समिति के द्वारा गांव में ग्राम अध्यक्ष और सचिव का गठन कर उन्हें मतदाता बनाया गया और यह जो प्रक्रिया करीब दो से तीन माह तक चली।कुल 84 गांव में 164 मतदाता बनाया गया जो आज विकास खण्ड गाड़ा समाज का अध्यक्ष हेतु अपने मताधिकार का प्रयोग किए जिसमें कुल 164 मतदाताओं में से 159 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किए, पांच ऐसे मतदाता रहे जो अनुपस्थित रहें। चुनाव परिणाम के बाद शेषनारायण सोनवानी को 60 वोट मिले। सर्वाधिक वोटो प्राप्त करने पर शेष नारायण सोनवानी अध्यक्ष चुने गए मिली जानकारी के अनुसार शेष नारायण सोनवानी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रेम लाल नागेश को 4 वोट से हराया।



### सम्मान नहीं सेवा का अवसर हैं : सोनवानी

देवभोग ब्लॉक गाड़ा समाज के अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद समाज को संबोधित करते हुए शेष नारायण सोनवानी ने कहां कि अपने समाज के उत्थान के लिए जो 11 वादे किए हैं उसे हर संभव पूरा करने का प्रयास करूंगा। यह जिम्मेदारी मेरे लिए एक केवल एक सम्मान नहीं , बल्कि समाज की सेवा का एक बड़ा अवसर है। उन्होंने जोर देते हुए कहां कि आज यह विचारणीय है कि समाज का उत्थान कैसे किया जाए। हमारा लक्ष्य समाज के प्रत्येक बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले और इसके लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है, उत्तम स्वास्थ्य, और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है इसके लिए धरातल पर उतरकर भरपूर प्रयास करूंगा।

**रोहित साहू सहित जनप्रतिनिधियों की मार्मिक अपील**

# पराली में आग न लगाएं गौठानों को पैरा दान करें










हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

23 मई शनिवार को हरिभूमि में प्रकाशित खबर अंचल में धधक रही पराली प्रतिबंध के बाद भी खेतो में लगाई जा रही आग की व्यापक प्रतिक्रिया सामने आई है। राजिम क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो ने किसानो से आग्रह करते हुए कहा है कि धान कटाई के बाद खेतो में पराली हरगीज न जलाएं बल्कि उसका सदुपयोग करे। इस पर राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू एवं ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू ने किसानों, सरपंचों एवं ग्रामीणों से पराली को जलाने के बजाय उसका सदुपयोग करने की मार्मिक अपील की है। इन जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पराली जलाने से वातावरण में प्रदूषण बढ़ता है, मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है तथा खेतों में मौजूद उपयोगी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। इसका सीधा असर कृषि उत्पादन एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए किसानों को चाहिए कि वे पराली को आग लगाने के बजाय उसे गौठान, चारागाह एवं गौशालाओं में एकत्र कर पैरा दान अभियान से जुड़ें। विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण एवं गौसंवर्धन को बढ़ावा देने लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि पराली को जलाने के बजाय उसका सदुपयोग करें, ताकि गांव स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सामूहिक पहल से इस अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जा सकता है। भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि पराली जलाना केवल पर्यावरण के लिए ही नहीं बल्कि कृषि व्यवस्था के लिए भी नुकसानदायक है। यदि प्रत्येक पंचायत पैरा संग्रहण की व्यवस्था करे और किसानों को जागरूक किया जाए तो पराली जलाने की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है।

### सरपंच चलाएं विशेष जागरूकता अभियानः साहू

उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक सहभागिता निभाने की अपील की। ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू ने कहा कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से पराली को संग्रहित कर गौशालाओं एवं गौठानों में सुरक्षित रखा जाए, जिससे वर्षभर गौवंश के लिए चारे की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी सरपंचों से अपने-अपने गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने, किसानों को प्रेरित करने तथा पैरा दान को जनभागीदारी अभियान के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया। जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदूषण मुक्त गांव बनाएं, स्वच्छ एवं समृद्ध समाज का निर्माण करें केवल एक नारा नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा, कृषि सुरक्षा एवं ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने से बचें और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

### कौंदकेरा में बिना आंधी दिन में दर्जनों बार बिजली कट, व्यापार ठप, छात्र हुए बेहाल

**फिंगेश्वर।** क्षेत्र में इन दिनों बिजली की अघोषित और बार- बार होने वाली कटौती ने आम जनजीवन को पूरी तरह से अस्त–व्यस्त कर दिया है। भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की लगातार आंख- मिचौली से स्थानीय जनता त्रस्त और हलाकान है।हैरत की बात यह है कि बिना किसी आंधी, तूफान या बरसात के ही दिन में दर्जनों बार बिजली गुल हो रही है। सरकार जहां एक तरफ सुशासन और निर्बाध बिजली आपूर्ति का ढोल पीट रही है,वहीं जमीनी हकीकत यह है कि कौंदकेरा के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

घोषणाएं हवा- हवाई, जनता त्रस्त- चुनावी मंचों से बड़े-बड़े वादे करने वाले स्थानीय राजनेता और सरकार अब इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह मौन साधे हुए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि सुशासन का नारा देने वाली सरकार के राज में जनता को 24 घंटे बिजली तो दूर,न्यूनतम आवश्यक आपूर्ति भी नसीब नहीं हो रही है। नेताओं को जनता की सुध सिर्फ चुनाव के वक्त आती है, और जीत दर्ज करने के बाद वे जनता को उनकी मूलभूत समस्याओं के साथ बेसहारा छोड़ देते हैं। इस पूरी अव्यवस्था के लिए बिजली विभाग के जिम्मेदार अभियंता (इंजीनियर्स) सीधे तौर पर कटघरे में हैं। विभाग के पास न तो मेंटेनेंस का कोई ठोस प्लान है और न ही ट्रिपिंग की समस्या को ठीक करने की कोई इच्छाशक्ति। जब भी ग्रामीण सब स्टेशन या जिम्मेदार अधिकारियों को फोन लगाते हैं, तो या तो उनका फोन नहीं उठता या फिर गोल–मोल जवाब देकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। बिना किसी प्राकृतिक व्यवधान के बार–बार पावर कट होना विभाग की तकनीकी नाकामी और घोर लापरवाही को उजागर करता है। बिजली की इस बदहाली के कारण कौंदकेरा का स्थानीय व्यापार पूरी तरह ठप होने की कगार पर पहुंच गया है। छोटे से बड़े व्यवसायी संचालक खाली बैठने को मजबूर हैं। इसके साथ ही, भीषण गर्मी और उमस के कारण घर में मौजूद बुजुर्गोंर, मरीजों और छोटे बच्चों का जीना मुहाल हो गया है। स्कूली और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रें की पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो चुकी है।

## पेज 9 के शेष...

### भीषण गर्मी के बीच...

गणना पूरी हो चुकी है।

**मैदानी चुनौतियों के बीच प्रगणकों ने निभाई जिम्मेदारी-** भीषण गर्मी और दूरस्थ ग्रामीण अंचलों की चुनौतियों के बावजूद प्रगणकों ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण पूरा किया। कई स्थानों पर बंद घरों और अनुपस्थित परिवारों की जानकारी जुटाने के लिए बार-बार संपर्क करना पड़ा। इसके बावजूद जिले में सर्वे कार्य समय से पहले पूरा कर प्रशासन ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मकानों की गणना पूरी होने के बाद अब प्रगणक संबंधित क्षेत्रों की मैपिंग रिपोर्ट तैयार कर उसे पोर्टल में अपलोड करेंगे, जिससे जिले का अंतिम हाउस लिस्टिंग डाटा तैयार होगा। इसके बाद जनगणना का दूसरा चरण जनसंख्या गणना आगामी वर्ष 2027 में प्रारंभ किया जाएगा।

### काम के दौरान...

कठिन परिस्थितियों में लगातार काम कराया जा रहा था। **ठेकेदार और निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की मांग-** मौके पर हेलमेट, पीने के पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी अभाव बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी व्यवस्था होती तो संभवत किशोर मजदूर की जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद क्षेत्र में ठेकेदार और निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। फिलहाल गोबरा नवापारा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दिन में 44 डिग्री ...

और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है। मौसम के इस बदले तेवर ने आमजन की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है। लोग अब मानसून की पहली बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ताकि इस झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिल सके।

### मंडी बोर्ड की...

सड़क के किनारों की परतें अभी से उखड़ने लगी हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संदेह गहराने लगा है।

**सरपंच ने रोकी एनओसी-** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण में मानकों की अनदेखी कर भ्रष्टाचार किया गया है। हालांकि ग्राम पंचायत रूवाड़ के सरपंच विजयकृष्ण नागेश के द्वारा ठेकेदार को एन ओ सी देने से मना कर दिया गया है। गांव के लोगों का कहना है कि करोड़ों की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के नाम पर कागजों में गुणवत्तापूर्ण निर्माण दिखाया जाता है, लेकिन धरातल पर स्थिति बिल्कुल अलग दिखाई देती है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और मजदूरों को तत्काल भुगतान कराने की मांग की है। इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारी से फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। अधिकारी का पक्ष सामने नहीं आने से ग्रामीणों के आरोपों को लेकर चर्चा और तेज हो गई है।

### 11 पूर्व सरपंचों को...

आज तक किसी भी पूर्व सरपंच की गिरफ्तारी नहीं होना लोगों के बीच बड़ा सवाल बन गया है। ग्रामीणों में चर्चा है कि आखिर आदेश के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्या प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिश हो रही है या फिर प्रशासनिक स्तर पर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है? लोगों का कहना है कि यदि आम व्यक्ति के खिलाफ आदेश होता तो तत्काल कार्रवाई हो जाती। क्षेत्र में अब यह मामला आदेश बनाम कार्रवाई का रूप ले चुका है। लोग खुलकर कह रहे हैं कि यदि न्यायालय के आदेश के बाद भी गिरफ्तारी नहीं होती, तो इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठना लाजिमी है।

### गर्मी ऐसी कि...

जाकर गर्म हवाओं और हीटवेव को जन्म देती है। यही कारण है कि इन दिनों कई देशों में तापमान रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच रहा है। एल नीनो की स्थिति में समुद्री सतह का तापमान बढ़ने से वायुमंडलीय दबाव और हवाओं का संतुलन बिगड़ जाता है, जिसका असर सीधे तौर पर मानसून और वर्षा चक्र पर पड़ता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार एल नीनो सक्रिय रहने पर मानसून कमजोर पड़ सकता है बारिश औसत से कम हो सकती है कई क्षेत्रों में सूखे जैसी स्थिति बन सकती है यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो किसानों और जल संसाधनों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। दुनिया भर में दिख रहा असर एल नीनो का प्रभाव केवल भारत तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर मौसम को प्रभावित करता है। इस समय प्रशांत महासागर और हिन्द महासागर दोनों के गर्म होने से इसके प्रभाव और गहरे होने की आशंका है। यदि समय रहते सावधानी और तैयारी नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में भीषण गर्मी, कमजोर मानसून और प्राकृतिक आपदाओं का खतरा और बढ़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### जनजातीय सम्मेलन में हिस्सा लेने दिल्ली गए सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार देर शाम दिल्ली रवाना हुए। वे रात्रि 11.30 बजे दिल्ली पहुंच कर वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। बताया जाता है कि दिल्ली में जनजातीय सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। रविवार को दिल्ली में होने वाले जनजातीय सम्मेलन में प्रदेश के कई मंत्री और भाजपा संगठन से जुड़े लोग पहुंचे हैं। मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम, बीजेपी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष विकास मरकाम, विधायक नीलकंठ टेकाम, विधायक आशाराम नेताम, विधायक प्रणव मरपच्ची, सांसद महेश कश्यप, भोजराज नाग, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ से साढ़े 7 हजार लोग दिल्ली गए हैं।

### खाद संकट से रेगहा किसानों की आजीविका खतरे में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने प्रदेश में उत्पन्न खाद संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि खरीफ सीजन की तैयारी के समय किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे विशेष रूप से छोटे एवं मध्यम किसान गंभीर परेशानी का सामना कर रहे हैं। एक बयान जारी कर उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक बड़े एवं संपन्न किसान वर्षों से अपने खेत को रेगहा पर देते आ रहे है। छोटे और मध्य वर्ग के किसान उस जमीन को लेकर खेती करते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष खाद की कमी, बढ़ती लागत, सीमित वितरण व्यवस्था तथा नुकसान की आशंका के कारण कई किसान रेगहा खेती से पीछे हटने को मजबूर हो रहे हैं। इससे न केवल किसानों की आय प्रभावित होगी, बल्कि कृषि उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

### प्रदेश में अवैध शराब पर कांग्रेस का सवाल, किसकी जेब में जा रहा पैसा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सुशासन तिहार में मंत्री दयालदास बघेल ने मंच से अवैध शराब बिकने की बात स्वीकार की थी। अब सांसद बृजमोहन अग्रवाल अवैध शराब गली कूचे में बिकने की बात स्वीकार कर रहे हैं। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ अवैध शराब का गढ़ बन गया है। पूरे प्रदेश में बिना होलोग्राम की तथा नकली शराब बिक रही, सरकारी भट्टियों से बिना होलोग्राम की शराब कोचिये ले जाकर बेच रहे हैं। शराब की काली कमाई का पैसा किसकी जेब में जा रहा है, जनता जानना चाह रही? क्या ईडी, ईओडब्ल्यू इसकी जांच करेंगे? सरकार बताये वो कौन है जो काली कमाई के लिये प्रदेश में अवैध शराब बिकवा रहा है। उन्होंने कहा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल तो रायपुर शहर के मुहल्ले तक बता रहे है कि कहां-कहां पर खुलेआम शराब बिक रही है।

जब मंत्री सांसद मंचो से बता रहे है कि प्रदेश में अवैध शराब बिक रही, फिर सरकार में बैठा वहां ताकतवर आदमी कौन है, जो अवैध शराब बिकवा रहा है। राज्य की जनता जानना चाहती है।

**मौसम : नौ दिनों तक तपेगी धरती, दोपहर में बरतें विशेष सावधानी**

# आज से तपेगा नौतपा, दोपहर 12 से 4 बजे तक सबसे ज्यादा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



मई महीने की भीषण गर्मी के बीच आज सोमवार 25 मई से नौतपा की शुरूआत हो रही है। भारतीय ज्योतिष और मौसम विज्ञान के अनुसार जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तब नौ दिनों तक चलने वाला नौतपा प्रारंभ होता है। माना जाता है कि इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे और अधिक तीव्रता के साथ धरती पर पड़ती हैं, जिससे तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है। इस बार भी नौतपा के दौरान तेज गर्म हवाओं और हीट वेव जैसी स्थिति बनने की संभावना जताई जा रही है। मौसम के जानकारों का कहना है कि दोपहर के समय तापमान तेजी से बढ़ सकता है और लू चलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। क्षेत्र में पहले से ही गर्मी अपने चरम पर है। सुबह नौ बजे के बाद ही धूप आग उगलने लगती है और दोपहर होते-होते सड़कें सुनसान दिखाई देने लगती हैं। ऐसे में नौतपा के आगमन ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक का समय सबसे अधिक खतरनाक माना जा रहा है। चिकित्सकों ने भी लोगों को अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। बुजुर्ग, बच्चे और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई जा रही है। जानकारों के अनुसार नौतपा के दौरान यदि तेज गर्मी पड़ती है तो इसे कृषि के लिए भी लाभकारी माना जाता है। तेज धूप और गर्म हवाओं से वातावरण में मौजूद कई प्रकार के हानिकारक जीवाणु और कीट नष्ट होते हैं। इसके साथ ही अच्छी गर्मी पड़ने पर मानसून के बेहतर रहने की संभावना भी जताई जाती है। हालांकि आम जनजीवन पर इसका असर साफ दिखाई देने लगता है। बाजारों में दोपहर के समय भीड़ कम हो जाती है और लोग ठंडे पेय पदार्थों, गन्ने के रस, नींबू पानी तथा छांव की तलाश करते नजर आते हैं।

**पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं-** गर्मी से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के सूती कपड़े पहनने और खाली पेट बाहर न निकलने की सलाह दी है। धूप में निकलते समय सिर को कपड़े या टोपी से ढंकने की बात कही गई है। लगातार तेज धूप में रहने से शरीर में पानी की कमी, चक्कर आना, उल्टी और हीट स्ट्रोक जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी नौतपा को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। किसान जहां इसे अच्छी बारिश का संकेत मान रहे हैं, वहीं मजदूर वर्ग और रोज कमाने-खाने वाले लोगों के सामने भीषण गर्मी बड़ी चुनौती बनकर खड़ी हो गई है।

## सड़कों पर दोपहर में कर्फ्यू जैसे हालात, भीषण गर्मी से चमगादड़ों की मौत





**मैनपुर।** विगत एक सप्ताह से पढ़ रही भीषण गर्मी के चलते हर किसी की परेशानियां बढ़ गई है सड़कों पर अपना व्यवसाय संचालित करने वाले छतरी का सहारा ले रहे हैं, फिर भी उन्हें गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है पसीने से तर होकर अपना जीवन यापन करते नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी का असर मैनपुर देवभोग क्षेत्र की सड़कों पर भी देखने को मिल रहा है। सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम को 5:00 बजे तक सड़के पूरी तरह से सुनसान नजर आ रहीं है। कर्फ्यू जैसे हालात निर्मित हो चुके हैं आज रिकॉर्ड गमएँ पड़ने से लोग बेहाल होते रहे अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है।

आग उगल रही सूरज की किरणें से जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्थ हो गया है लोग दिन भर पसीने में तर बतर दिखाई दे रहे है उपर से बिजली की ऑख मिचौली के कारण लोगो की परेशानी बढ़ती जा रही है बच्चे, युवा, बुजुर्ग तथा महिलाएं गर्मी से झुलस रहे हैं। क्षेत्र का तापमान प्रतिदिन बढ़ रहा है। भीषण गर्मी के कारण हर किसी की परेशानियां बढ़ गई है बाजार से लेकर सड़कों पर चलने वाले लोग भी अब आने-जाने के दौरान अपने चेहरे को रुमाल से ढक कर बाहर निकल रहे हैं चेहरे में चश्मे का भी उपयोग हो रहा है।

**पक्षी गर्मी में मरने लगी-** भीषण गर्मी के कारण जहा इंसान परेशान है वहीं सबसे ज्यादा परेशानी वन्य प्राणियों को हो रही है। जंगल में नदी नाले -पोखर सुखने के कारण गांव के नजदीक वन्य प्राणी विचरण कर रहे है जिससे लोगों में दहशत देखने को मिल रहा है। वहीं पक्षिया भी मरने लगी है मैनपुर वन विभाग मैदान, शिक्षक कालोनी में दर्जनो चमगादड़ गर्मी में मरे नजर आ रहे है।

## 5 दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन पर आयोजित '5 दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर' का भव्य समापन 5-कुण्डीय गायत्री महायज्ञ और दीक्षा संस्कार के साथ हुआ। यह एक अत्यंत प्रेरणादायक और पुनीत आयोजन है। यह आयोजन युवाओं के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों की स्थापना और उन्हें समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने का एक सशक्त माध्यम है। शिविर के मुख्य आकर्षण व्यक्तित्व निर्माण इन पाँच दिनों में युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने के लिए योग, प्राणायाम, ध्यान और जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण दिया गया। नैतिक और बौद्धिक विकास शिविर में नशामुक्ति, सादगीपूर्ण जीवन और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए विशेष सत्रऔर बौद्धिक परिचर्चाएं आयोजित की गई। दीक्षा संस्कार यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ ही युवाओं को भारतीय संस्कृति और संस्कार से जोड़ने के लिए दीक्षा संस्कार (यज्ञोपवीत/गुरु दीक्षा) दिया गया। इस पूर्णाहुति के कार्यक्रम में 27बालसंस्कार शाला का संचालन ,27युवा मंडल का गठन तथा ,85 शिवरार्थियों ने दीक्षा संस्कार,और 8 शिवरार्थियों ने यज्ञोपवित संस्कार लिए यह संस्कार युवाओं को एक अनुशासित,सात्विक और सेवाभावी जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इसके माध्यम से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सभी प्रतिभागी आहुतियाँ देकर राष्ट्र कल्याण की कामना किए। शांतिकुंज प्रतिनिधि ऋषिपुत्रो को श्रीफल भेटकर एवं शिवरार्थियों को प्रमाण पत्र देकर विदाई किया गया। समापन समारोह कार्यक्रम में सी.पी साहू उपजोंन समन्वयक,लच्छू राम निषाद जिला समन्वयक, किशोर देवांगनप्रदेश मंत्री अन्य पिछड़ा वर्ग, सुदर्शन वर्मा,पूर्व ट्रस्टी आरएस चौरसिया, ट्रस्टी अभनपुर परमानन्द यादव भगवताचार्य, अघनू साहू, ऋषि पुत्र टोली नायक चम्पेश्वर साहू, लेखराम साहू, भागीरथी सोनकर, वरुण कुमार, कुलदीप भारती, एस आरसोनआर एल साहू, मोहनमानिकपन (सहायक ट्रस्टी) बीआर साहू, गजेंद्र साहू, नेमीचंद साहू कृष्ण तेली, त्रिलोक तारक, नेहरू साहू, आनंद श्रीवास्तव रवि साहू, हर्षवर्धन साहू (युग पुरोहित) प्रेम साहू (मीडिया प्रभारी) बसंत साहू, डागेश्वर साहू, डॉ .नारायण साहू, निखिल साहू, फनेंद्र साहू, केशव साहू, धर्मेन्द्र साहू, कपिल साहू, मन्नू साहू, यश साहू, लुकेश साहू, डोमन साहू का योगदान रहा।

**समुचित उपचार के लिए डॉक्टरों को दिए निर्देश, आर्थिक मदद भी की**

## तेंदुए के हमले से घायल 10 वर्षीय बालक से मिलने पहुंचे रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



गरियाबंद वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र गरियाबंद के ग्राम कोदोबतर में पिछले दिनों तेंदुए के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए 10 वर्षीय बालक धनेश कमार पिता पुन्नू राम कमार का हालचाल जानने राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू राजधानी रायपुर स्थित प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल मेकाहारा पहुंचे। विधायक ने अस्पताल के वार्ड में जाकर पीड़ित बालक और उसके परिजनों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और बच्चे के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। यह दर्दनाक घटना बीते 21 मई को गरियाबंद परिक्षेत्र के ग्राम कोदोबतर चट्टान पारा में घटित हुई थी जहां अपने घर के आंगन में खेल रहे मासूम धनेश पिता पुन्नू राम कमार पर तेंदुए ने अचानक हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। घटना की सूचना मिलते ही विधायक रोहित साहू ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल गरियाबंद जिला कलेक्टर, डीएफओ और सीएमएचओ से फोन पर चर्चा की थी। विधायक के निर्देशो के बाद बालक को बेहतर और त्वरित इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से गरियाबंद जिला अस्पताल से तत्काल रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में रेफर कर भर्ती कराया गया। मेकाहारा पहुंचे विधायक रोहित साहू ने डॉक्टरों की टीम से चर्चा कर बच्चे के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों को निर्देशित किया कि बालक के इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और दवाइयों से लेकर हर जरूरी चिकित्सकीय सुविधा समय पर सुनिश्चित की जाए। इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार और हम पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं। मासूम धनेश को सर्वोत्तम इलाज मिले यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मासूम धनेश का इलाज फिलहाल डॉक्टरों की गहन निगरानी में चल रहा है और उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। पीड़ित परिवार को विधायक ने अपनी ओर से परिजनों को तत्काल नगद आर्थिक सहायता भी प्रदान की ताकि अस्पताल में रुकने और अन्य जरूरतों में उन्हें कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार मिलने वाली त्वरित मुआवजा राशि भी जल्द से जल्द परिवार को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

## आम की मिठास ने बढ़ाई बगीचों की रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा



गर्मी के मौसम में फलों के राजा आम की मिठास लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। क्षेत्र के सुरसाबांधा, श्यामनगर, धूमा, परतेवा, लफदी, कुरूसकेरा लोहरसी और बरोण्डा गांवों के आम बगीचों में इन दिनों सुबह से शाम तक लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। बच्चे, युवा और बुजुर्ग पेड़ों की ठंडी छांव में बैठकर रसीले आम का स्वाद ले रहे हैं। आम बगीचों में हरियाली और आम की खुशबू से वातावरण पूरी तरह खुशनुमा नजर आ रहा है। कई परिवार शाम के समय बगीचों में पहुंचकर प्रकृति के बीच सुकून भरे पल बिता रहे हैं। बच्चों में पेड़ों से आम तोड़ने और विभिन्न किस्मों के आम खाने को लेकर खास उत्साह दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष आम की अच्छी पैदावार हुई है, जिससे बगीचों में आम की भरपूर बहार देखने को मिल रही है। दशहरी, चौसा और देशी आम की मिठास लोगों को खूब पसंद आ रही है। वहीं बाजारों में भी आम की बिक्री बढ़ गई है। गर्मी के मौसम में आम बगीचे लोगों के लिए राहत और आनंद का केंद्र बने हुए हैं। पेड़ों की छांव में बैठकर लोग आम का स्वाद लेने के साथ प्राकृतिक वातावरण का आनंद उठा रहे हैं, जिससे गांवों के बगीचों की रौनक और बढ़ गई है।

## सख्त हिदायत के बाद भी रेत माफिया बेखौफ शहर के बीच से फिर दौड़ीं रेत भरी हाइवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अवैध रेत खनन और ओवरलोडेड हाइवा वाहनों का मामला एक बार फिर तूल पकड़ता नजर आ रहा है। माइंस विभाग और प्रशासन द्वारा लगातार जांच, चालानी कार्रवाई और जब्ती की प्रक्रिया किए जाने के बावजूद रेत से भरे भारी वाहन बेखौफ होकर शहर के बीचो-बीच गुजरते दिखाई दे रहे हैं। रविवार को भी बड़ी संख्या में रेत लोड हाइवा वाहन नगर क्षेत्र में देखे गए, जिसके बाद नागरिकों में भारी नाराजगी व्याप्त हो गई। बताया जा रहा है कि ये हाइवा वाहन धमतरी जिले के मगरलोड क्षेत्र के घाट की ओर से रेत भरकर पहुंचे थे और नवापारा शहर से होकर आगे निकलने की फिराक में थे। सुबह से लेकर देर रात तक सोशल मीडिया में यही चर्चा छाई रही कि आखिर प्रशासनिक सख्ती और लगातार कार्रवाई के बाद भी इन रेत भरे वाहनों को संरक्षण कौन दे रहा है?लोगों ने सवाल उठाया कि यदि जांच और जब्ती की कार्रवाई वास्तव में प्रभावी है तो फिर शहर के बीच से खुलेआम रेत परिवहन कैसे जारी है? नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाले इन भारी वाहनों को लेकर व्यापारी, आम नागरिक, महिलाएं और राहगीर सभी वर्गों में चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि शहर का बाजार क्षेत्र दिनभर व्यस्त रहता है, बुजुर्ग और महिलाएं लगातार आवागमन करते हैं। इसके बावजूद ओवरलोडेड हाइवा तेज रफ्तार में गुजरते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रशासनिक कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित नजर आ रही है। कुछ दिनों तक जांच अभियान चलता है, वाहन पकड़े जाते हैं, चालान बनते हैं, लेकिन उसके बाद फिर वही स्थिति निर्मित हो जाती है। लोगों का कहना है कि यदि वास्तव में अवैध रेत परिवहन रोकना है तो शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर स्थायी रोक लगानी होगी और घाटों से लेकर परिवहन मार्ग तक कड़ी निगरानी करनी होगी।

### भाजपा-कांग्रेस के दिग्गजों ने दी जनआंदोलन की चेतावनी



रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों में भी लोगों ने जमकर नाराजगी जाहिर की। नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष संध्या राव,भाजपा नेता मुकुंद मेश्राम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा, राजा चांवला, राकेश सोनकर, ज्ञानचंद लालवानी, तुकाराम कंसारी, सुमीत सोनी सहित शहर के दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने सवाल किया कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध परिवहन लगातार जारी है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि शहर की सड़कों की हालत इन भारी वाहनों के कारण लगातार खराब हो रही है, वहीं धूल और प्रदूषण से आमजन परेशान हैं। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर कठोर निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत खनन और ओवरलोडेड वाहनों के खिलाफ केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं बल्कि स्थायी और प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि शहर की सुरक्षा और शांति बनी रह सके।

### प्रशासन के भारी दबाव से कन्हेरावासी हुए आक्रोशित

**रायपुर।** धरसींवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कन्हेरा का मामला सामने आया है, विद्युत विभाग ट्रांसमिशन के लिए जमीन ग्राम कन्हेरा में शासन द्वारा 12 एकड़ जमीन शासन से स्वीकृत करा ली गई है, ग्रामवासियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को बगैर गांव एवं पंचायत के। इस प्रकार भारी पुलिस फोर्स बुलवाकर जमीन का सीमांकन करने पहुंच गए, गांववालों को सूचना मिलने पर समस्त पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी गांव तथा पंचायत के अनुमति के बगैर सीमांकन का विरोध करने पहुंचे।

**पंचकोसी धाम में भीषण गर्मी पर भारी पड़ी शिव भक्ति**

# चंपेश्वर महादेव धाम में उमड़ रहे श्रद्धालु मनमोहक श्रृंगार बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



भीषण गर्मी और तेज तपन के बीच भी आस्था का प्रवाह थमने का नाम नहीं ले रहा है। पंचकोसी धाम के भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर चंपेश्वर महादेव में इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से लेकर शाम तक ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इन दिनों चंपेश्वर महादेव का अलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। फूल-मालाओं, बेलपत्र, भस्म, चंदन और विविध रंगों से सुसज्जित भोलेनाथ का स्वरूप देखते ही बन रहा है। मंदिर परिसर में गूंज रहे हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। क्षेत्र में तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुंचने के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था तनिक भी कम नहीं हुई है। तपती धूप और गर्म हवाओं के बीच भी लोग नंगे पांव मंदिर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि बाबा चंपेश्वर महादेव के दर्शन मात्र से मन को शांति और ऊर्जा प्राप्त होती है तथा हर मनोकामना पूर्ण होती है।

**शाम होते ही भजन-कीर्तन में लीन हो रहे श्रद्धालु-** ग्रामीणों ने बताया कि पंचकोसी धाम वर्षों से लोगों की श्रद्धा और विश्वास का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां पहुंचकर भक्त जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। सावन पूर्व की इस तपती बेला में भी मंदिर में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ यह दर्शा रही है कि भगवान शिव के प्रति लोगों की आस्था कितनी गहरी है। मंदिर परिसर में भक्तों की सुविधा के लिए ग्रामीणों द्वारा पेयजल और विश्राम की व्यवस्था भी की जा रही है। शाम होते ही मंदिर परिसर दीपों और रोशनी से जगमगा उठता है तथा भक्तजन भजन-कीर्तन में मग्न होकर भोलेनाथ की भक्ति में लीन नजर आते हैं। चंपेश्वर महादेव धाम में उमड़ रही श्रद्धा और भक्ति का यह दृश्य क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संदेश दे रहा है। भीषण गर्मी के बीच भी जिस प्रकार श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, वह लोगों की अटूट आस्था और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## दिव्यांग को गौरीशंकर कश्यप ने कार में बिठाकर पहुंचाया घर



**मैनपुर।** गरियाबंद जिला पंचायत के अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप अपने सरल स्वभाव के नाम से जाना जाता है क्षेत्र के दौरे पर निकले गौर शंकर कश्यप की नजर सड़क किनारे एक दिव्यांग पर पड़ी तो उन्होने अपनी गाड़ी रूकवाई और उनसे बात किया तो पता चला दिव्यांग अपने ट्राईसिकल से घर जा रहा था लेकिन बैटरी लो होने के कारण जंगल के भीतर इस भीषण गर्मी में वह परेशान है। ट्राईसिकल चल नहीं पा रहा है तो जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर ने मानवता का परिचय देते हुए दिव्यांग को अपने कार में बिठाए और उनके ट्राईसिकल को पीकप वाहन के माध्यम से उनके घर तक छोड़ने गए जिस पर दिव्यांग ने गौरी शंकर कश्यप को अशिर्वाद प्रदान किया।

## कुर्रु-पचेड़ा की टीम विजेता

**नवापारा-भेण्डरी।** ब्राइट फ्यूचर एकेडमी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय रात्रि कालीन क्रिकेट टूनार्मेंट में 36 टीमों ने भाग लिया जिसमें कुर्रु-पचेड़ा की टीम विजेता रहा। दूसरे स्थान पर चंद्रसुर एवं तीसरे स्थान पे नहरडीह की टीम विजेता रहा। प्रथम पुरस्कार 20026 रूपए एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 10026 एंव शील्ड ,तृतीय स्थान पर 5026 एवं शील्ड प्रदान किया गया। इस टूनामेंट को निलेश साहू, बलराम सिन्हा, अभिषेक सेन ,मोहन सिन्हा, कोमल साहू द्वारा आयोजित किया गया था।

## देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने पिटियाझर में एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर पिटियाझर मंडी गेट के पास आरोपी डिगेश्वर यादव पिता तिजराम यादव (28 साल) निवासी वार्ड नं 23 नया रावणभाठा महासमुंद के कब्जे से अवैध रूप से एक काले रंग के बैग के अंदर 43 पौवा देशी प्लेन अवैध शराब कीमत 3440 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त एक पुरानी इस्तेमाली लाल रंग की मोटर सायकल बजाज एवेंजर क्रमांक सीजी 06 जीई 3646 कीमत 10,000 रुपए कुल 13,440 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## घर घुसकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छिंदपाली में एक लड़की के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रतिज्ञा तांडी (15) ने बताया कि 22 मई की दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी नानी के साथ घर पर थी, उसी समय गांव के उत्तरा चौहान व तेजराज चौहान ने घर घुसकर, तुम लोग हमारे खिलाफ थाना में शिकायत किये हो कहते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की।

### लो-वोल्टेज की मार : मैनपुर में अघोषित बिजली कटौती से हाहाकार

# लो-वोल्टेज के कारण शो-पीस बने पंखे-कूलर कांग्रेस ने दी बिजली दफ्तर घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के लोगो को इस भीशण गर्मी मे बिजली के बार -बार बंद होने से भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में किसी भी समय बिजली बंद हो रही है बिजली विभाग के सूत्रे से मिली जानकारी के अनुसार तेज गर्मी के कारण बिजली उपकरण में अधिक लोड पड़ने के कारण बार-बार बिजली उपकरणों में भी फाल्ट आ रही है कई जगह ट्रांसफार्मर उड़ रहे है तो कई जगह डीओ और केबल वायर में आग लग रही है बिजली विभाग के कर्मचारी भी भीशण गर्मी में सुधार कार्य कर रहे है बहरहाल मैनपुर आदिवासी क्षेत्र के लोग जहां एक ओर सूर्य की तपिस से परेशान हो रहे है वही दूसरी ओर बिजली की आंख मिचौली में तो पूरी तरह जीना मुहाल कर दिया है।

**पंखा कुलर नहीं चल पा रहा-** मैनपुर आदिवासी विकासखण्ड क्षेत्र मे तहसील मुख्यालय सहित आसपास के गांवो मे बिजली की लचर व्यवस्था से जनता परेशान हो गई है लो वोल्टेज के कारण इस भीशण गर्मी मे पंखा, कुलर, वॉशिग मशीन इलेक्ट्रानिक सामान नही चल पा रहे है इन दिनो जहां गैस सिलेंडर के लिए लोग परेशान है तो दूसरी ओर इन्डेक्शन भी लो वोल्टेज के कारण नही चल पा रहा है। मैनपुर और आसपास के ग्रामो मे बिजली बार -बार बंद हो रही है जिसके पीछे बिजली विभाग द्वारा जो जानकारी दिया जा रहा है लोड बढ़ने के कारण जगह -जगह बिजली तार टूट रहे है तो कही ट्रांसफार्मर मे आग लग रहा है जिससे बिजली बंद हो रही है और लोग बेचैन हो रहे है।

**कांग्रेस ने दी आन्दोलन की चेतावनी-**ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंयका कपिल, आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी,तनवीर राजपूत, शाहिद मेमन, डोमार साहू, लिकेश यादव व क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने कहा भाजपा सरकार में जनता पूरी तरह त्रस्त हो चूकी है एक तरफ पेट्रोल, डिजल, रसोई गैस नही मिल रहा है दूसरी तरफ लगातार बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज ने इस भीशण गर्मी में लोगो का जीना मुहाल कर दिया है। आम जनता की समस्या के तरफ शासन प्रशासन का कोई ध्यान नही नही है बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाया गया है जिसका खमियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा एक सप्ताह के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नही किया गया तो धरना प्रदर्शन बिजली कार्यालय घेराव आन्दोलन किया जायेगा जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।



## भीषण गर्मी के बीच कबाड़ हो रहे लाखों के वॉटर फ्रीजर

**मैनपुर।** इस भीषण गर्मी में भी मैनपुर ग्राम पंचायत द्वारा नगर में लगाए गए फ्रिजर के सुधार की दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर में पहुंचने वाले यात्रियों राहगिरो को ठंडा पानी पीने के लिए नहीं मिल रहा है मजबूरन खरीदकर पानी पी रहे हैं लेकिन इस ओर न तो ग्राम पंचायत के द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही जनपद पंचायत या स्थानीय प्रशासन द्वारा जो बड़ा चिंता का विषय है। मैनपुर नगर में लगाए गए लाखों रूपये के दो फ्रीजर खराब पड़े हुए है और कबाड़ होता जा रहा है इसमें से एक फ्रीजर ठीक ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने गेट में लगा है लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा इसके सुधार कराने कोई भी प्रकार के प्रयास नहीं किया जा रहा है और तो और यात्री प्रतिक्षालय के समीप एक नलघर का निर्माण कर वहां भी फ्रीजर लगाया गया है लेकिन वह भी बंद पड़ा हुआ है और कबाड़ मे तब्दील हो रहा है। गर्मी के इन दिनो मे मैनपुर पहुंचने वाले राहगीरो यात्रियो को पानी बोतल खरीदकर प्यास बुझाना पड़ रहा है लेकिन इस ओर न तो संबंधित अफसर ध्यान दे रहे और न ही ग्राम



पंचायत के निर्वाचित सरपंच सविच द्वारा ध्यान दिया जा रहा है इतना बड़ा मैनपुर नगर मे पहुंचने वाले लोगो को ग्राम पंचायत द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था नही किया जाना समझ से परे है नगर व क्षेत्र के लोगो ने एसडीएम हिते"वरी बंजारे एवं जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे के गजभीए से मांग किया है कि मैनपुर मे प्याऊ घर को व्यवस्थित करवा कर यहां पहुंचने वाले लोगों को पेयजल उपलब्ध कराई जाये। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में एकमात्र प्याऊ घर है लेकिन पियाऊ घर का फ्रीजर एक साल से खराब होने के कारण इसका लाभ नगर व क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल रहा है जबकि इस भीषण गर्मी में लोगों के सामने पीने की पानी को लेकर भारी दिक्कत उत्पन्न हो गई है खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से मैनपुर में पहुंचने वाले राहगीरों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा है एसडीएम कार्यालय के सामने इस पियाऊ घर का फ्रीजर बंद पड़ा हुआ है लेकिन फ्रीजर की मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं देना समझ से परे है।

# मूक बधिर लक्ष्मी को योजनाओं का लाभ दिलवाने के भटक रहा परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जिला गरियाबंद विकास खंड छुरा से 17 किलोमीटर दूर पर स्थित ग्राम रसेला के रहने वाली एक लड़की जो कि पैदाइशी से ना कुछ बोल सकती है ना कुछ सुन सकती है, उसके परिवार का आरोप है कि मूकबधिर लड़की को प्रशासन की तरफ से फुटी कौड़ी की कोई भी सुविधा नहीं मिल रही है। दिव्यांग लड़की लक्ष्मी पिता पराऊ राम कुंजाम का कहना है कि उनकी बेटी की उम्र 21 वर्ष है, लेकिन आजतक उसके नाम राशनकार्ड और न ही पेंशन की सहायता राशि शासन प्रशासन की तरफ से किसी भी आधिकारिक योजना या आर्थिक सहायता का लाभ से वंचित रखा गया है। लक्ष्मी के पिता ने बताया कि जब उनकी बेटी छोटी थी,तब भी वो भी कई बार प्रशासन आए और सहायता मिलने की मांग करी, लेकिन तब उन्हें यह कह कर वापस लौटा दिया गया कि विकलांगों को किसी भी योजना का लाभ 14 साल की उम्र के बाद ही मिलेगा। और अब



जब उनकी बेटी इतनी बड़ी हो गई है, तब भी वो सरकारी सेवाओं से कोसों दूर है। लक्ष्मी कुंजाम कक्षा 9 वीं पास करके आज अपने मां बाप के साथ कामों में हाथ बटा रही है। लेकिन किसी भी अधिकारी से जान पहचान न होने के चलते वो अपनी बेटी को उसका हक दिला पाने में असक्षम है। कई बार लिखित आवेदन देने के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है, जिसके कारण अब शासन प्रशासन से गुहार लगाना छोड़ दिया है। इसके पास विकलांग सर्टिफिकेट होने के बावजूद भी योजनाओं का लाभ नहीं मिलना गंभीर विषय है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने यह कानून बनाया था कि विकलांग बच्चों को 18 वर्ष की उम्र तक मुक्त और आवश्यक रूप से शिक्षा दी जाए। यदि व्यक्ति का विकलांग सर्टिफिकेट बना हुआ है, तो उनकी शादी के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में आर्थिक भी मदद की जाएगी। दिव्यांगो को रोजगार से लेकर उनकी दिवयागता से जुड़ी जरूरी सहूलियत प्रदान करने के लिए भी सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। परंतु फिर रसेला की रहने वाली इस मूकबधिर लड़की की तरह क्षेत्र में न जाने कितने विकलांग आज भी इन सुविधाओं से वंचित हैं।

# लोहरसी में शीतला मंदिर, अहाता व पेवर ब्लॉक निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

ग्राम पंचायत लोहरसी में जनपद विकास निधि एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम जनपद सदस्य नीता-सोहन साहू एवं सरपंच लोमश राम साहू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस दौरान मां शीतला मंदिर परिसर में आहता निर्माण कार्य एवं अंशु साहू के घर के पास पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। बताया गया है कि ग्राम में विधायक रोहित साहू के प्रयासों से सीसी रोड निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा टीना शेड निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखा गया। जनपद सदस्य नीता-सोहन साहू ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। धार्मिक स्थलों के विकास के साथ-





साथ गांव की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को अधिक से अधिक सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है और सभी के सहयोग से पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सरपंच लोमश राम साहू ने कहा कि पंचायत के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजिम विधायक रोहित साहू के आश्वासन अनुसार आने वाले समय में पुल-पुलिया एवं अन्य जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। सरपंच ने कहा कि ग्राम पंचायत में विकास की गति लगातार जारी रहेगी और ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, सोसायटी अध्यक्ष धनीराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य दीपक साहू, उपसरपंच नीलेश टंडन, पंच जागेश्वर साहू, देवकी साहू, उषा सतनामी, नमु साहू, भगवान दास जांगड़े, तुलेश्वर सतनामी, खेमिन पटेल, डिलेश्वरी साहू, कमला यादव, उषा यादव, प्रेमानंद साहू, प्रभा निर्मलकर, कांता ध्रुव, हेमलता निषाद, मुगेश्वरी ठाकुर, विक्रम साहू, सावित्री सतनामी, त्रिवेणी सतनामी, बूथ अध्यक्ष पुरन साहू, दिलीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही मुकेश ध्रुव, सोहन साहू, शैलेन्द्र साहू, यमुना साहू, जगदीश साहू, अशोक निषाद, गोपी निर्मलकर, गिरवर यादव, रिपु निर्मलकर, देवेन्द्र साहू, मिलाप साहू, चुम्मन यादव, युगल साहू, श्याम कार्तिक पटेल, रोहित निर्मलकर, बलदाऊ यादव, रामसाय निर्मलकर, वेदव्यास साहू, लता, कुबेर यादव, नारायण साहू सहित समस्त ग्रामवासी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## जनपद सदस्य नीता ने किया भोग भंडारा का आयोजन



**सुरसाबांधा।** 43 डिग्री तापमान के बीच लोहरसी के महिला जनपद सदस्य नीता-सोहन साहू की एक बहुत ही अच्छी तस्वीर सामने आई है इन्होने शनि जयंती के अवसर पर ग्रामीणों के लिए भोग भंडारा का आयोजन किए जिसमें बड़ी संख्या में गांव के लोग शामिल हुए।

## पटेलपारा में सीसी रोड का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत मैनपुर के पटेलपारा में लम्बे समय से सीसी रोड़ निर्माण की मांग किया जा रहा था मुख्य मार्ग से पटेलपारा विवेकराय घर तक पक्की सीसी रोड़ निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है और दो दिनो के भीतर बनकर तैयार हो जायेगा। जनपद पंचायत मैनपुर के सदस्य कुमारी बाई पटेल के विशेष प्रयास से इस सी सी रोड़ का निर्माण किया जा रहा है जिससे आने वाले बारिश के दिनो में लोगो अब किचड़ और गंदगी से मुक्ति मिलेगी साथ ही मोहल्लेवासी काफी खुश नजर आ रहे है। जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल ने बताया जनपद पंचायत के



मद से इस सी सी रोड़ का निर्माण किया जा रहा है पिछले 15 वर्षों से सी सी रोड़ निर्माण की मांग किया जा रहा था बारिश के दिनो में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है किचड़ और गंदगी के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था श्रीमती पटेल ने बताया हेण्डपम्प खनन के साथ ही नगर के पूरे नालियों के सफाई अभियान भी जनपद मद से किया जायेगा।



## कबड्डी खिलाड़ियों का प्रमाण से सम्मान

**राजिम।** गरियाबंद जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित कबड्डी ट्रायल व प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय कबड्डी सीनियर वर्ग में महिला व पुरुष टीम कोरबा भी भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिया गया। यह कार्यक्रम राजिम के यादव ठेठवार समाज धर्म शाला भवन में रखा गया जिसमें खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिला गरियाबंद कबड्डी संघ के पदाधिकारियों में अध्यक्ष रमेश पटेल , उपाध्यक्ष शरद पारकर, उपाध्यक्ष पुरन लाल यादव, सोमनाथ पटेल, हरिश्चंद्र निषाद, कैलाश साहू, त्रिलोक पारकर, राजेश धीवर, प्रेम सिंग नागेश, चित्रलेखा नागेश, निराली यादव, राघवेंद्र ध्रुव, सूरज टंडन , मिथलेश साहू, धनेन साहू, ताराचंद निषाद, अशोक यादव सहित उपस्थित थे।

### महानदी तट पर विराजे हैं दक्षिणमुखी डिपरावाले हनुमान

# टीला सेमरा धाम में संकटों से मुक्ति पाने उमड़ती है भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

क्षेत्र की पावन धरती पर महानदी के शांत और रमणीय तट के किनारे बसे टीला सेमरा गांव के पास विराजमान दक्षिण मुखी डिपरावाले हनुमान जी महाराज क्षेत्रभर के लिए श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। दूर-दूर से श्रद्धालु मंगलवार-शनिवार यहाँ पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं और अपनी मनोकामनाएँ लेकर बजरंगबली के चरणों में शीश नवाते हैं। लोगों की मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद यहाँ अवश्य पूरी होती है। विशेषकर मंगलवार और शनिवार के दिन यहाँ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। महानदी के किनारे प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह स्थान आध्यात्मिक शांति का अदभुत अनुभव कराता है। हनुमान जी महाराज के भक्त ज्ञानेश शर्मा जो हर मंगलवार को हर हाल में मंदिर पहुंचकर शीश नवाते है श्रद्धापूर्वक पूजा करते है इन्होने बताया कि सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना शुरू हो जाता है। कोई नारियल और फूल-माला लेकर पहुंचता है तो कोई परिवार की सुख-समृद्धि और संकटों से मुक्ति की कामना लेकर हनुमान जी के दरबार में हाजिरी लगाता है। मंदिर परिसर में गूंजते जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारे पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। यहाँ विराजमान हनुमान जी महाराज की प्रतिमा दक्षिणमुखी है, जिसे अत्यंत चमत्कारी और प्रभावशाली माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दक्षिणमुखी हनुमान जी की पूजा करने से भय, संकट, शत्रु बाधा और



नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से यह धाम लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है और अनेक श्रद्धालुओं ने यहाँ अपनी मनोकामना पूर्ण होने की अनुभूति भी साझा की है। ग्रामीण बताते हैं कि पहले यह स्थान अपेक्षाकृत शांत और सीमित लोगों तक ही प्रसिद्ध था, लेकिन धीरे-धीरे हनुमान जी महाराज की महिमा दूर-दूर तक फैलने लगी। आज आसपास के गांवों सहित दूसरे जिलों से भी लोग यहाँ दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन और श्रद्धा के साथ यहाँ आता है, उसकी परेशानियाँ दूर होती हैं और जीवन में सुख-शांति का मार्ग खुलता है।

**भक्ति और जयकारों से गूंजता है परिसर, सुबह से लगती है हाजिरी-** शनिवार और मंगलवार को मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया जाता है। कई श्रद्धालु दीप प्रज्वलित कर हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। शाम के समय होने वाली आरती का दृश्य अत्यंत मनमोहक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देने वाला होता है। महानदी के तट पर बहती शीतल हवा और आरती की ध्वनि वातावरण को और भी अलौकिक बना देती है। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि डिपरावाले हनुमान जी महाराज केवल एक मंदिर नहीं बल्कि लोगों की आस्था, विश्वास और उम्मीद का केंद्र हैं। यही कारण है कि हर सप्ताह यहाँ भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने मंदिर परिसर के विकास और सुविधाओं के और अधिक विस्तार की भी मांग की है ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधा मिल सके। धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण यह धाम अंचल की पहचान बनता जा रहा है, जहाँ पहुंचकर श्रद्धालु आत्मिक शांति और भक्ति का अनूठा अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

